षोडश

बिहार विधान-सभा

द्वितीय सत्र

तारांकित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\dfrac{\text{21 फाल्गुन, 1937 (श0)}}{\text{11 मार्च, 2016 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 137

(1) ऊर्जा विभाग	-	-	44
(2) स्वास्थ्य विभाग	-	-	75
(3) पर्यटन विभाग	-	-	11
(4) आपदा प्रबंधन विभाग	-	-	06
(5) योजना एवं विकास विभाग	-	-	01
		कुल योग —	137

चिकित्सकों का पदस्थापन

*1033. श्री जय वर्धन यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के प्रखंड दुल्हिन बाजार अन्तर्गत ग्राम-[illegible] में स्वास्थ्य केन्द्र का भवन काफी जीर्ण-शीर्ण एवं चहारदीवारी विगत 10 वर्षों से ध्वस्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक एवं नर्स कभी नहीं आते हैं जिसके कारण ग्रामीणों को इलाज कराने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन एवं चहारदीवारी का निर्माण कराकर आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के साथ चिकित्सकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफार्मरों को बदलना

*1034. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान-सभा क्षेत्र के [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], रजौलपुर, गुदारघाट, सोभन ग्रामों में विगत कई महीनों से ट्रांसफार्मर के जले होने की वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार इन ग्रामों में जले ट्रांसफार्मरों को अविलंब बदलकर नियमित रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है ?

उपकरण उपलब्ध कराना

*1035. श्री सरफराज आलम—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट रेफरल अस्पताल में सोनोग्राफी स्कैन, शुगर मीटर, अल्ट्रा साउण्ड मशीन एवं एक्स-रे मशीन की सुविधा नहीं रहने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में सोनोग्राफी स्कैन, शुगर एवं अन्य उपकरण की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ड्यूटी नियमित कराना

*1036. श्रीमती ज्योति देवी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अतरी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, खिजरसराय में निजी क्लिनिक चला रहे हैं और स्वास्थ्य केन्द्र अतरी में सप्ताह में एक दिन ही सरकारी कार्य करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नीमचक बथानी, मोहड़ा एवं [illegible] के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य डॉक्टर सप्ताह में एक-एक दिन ही अपने सरकारी कार्यों का निर्वहन करते हैं, जिससे मरीजों को परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों की नियमित ड्यूटी कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अस्पताल का निर्माण

*1037. श्री संजीव चौरसिया— क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दीघा, शेखपुरा, कुर्जी, पाटलिपुत्रा कॉलोनी, नेहरु नगर, राजीव नगर एवं [illegible] एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है जहाँ चिकित्सकीय सुविधा हेतु सरकारी अस्पताल स्थापित नहीं है जिससे उक्त क्षेत्र की गरीब जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में सरकारी अस्पताल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*1038. श्री (मो०) तौसीफ आलम— क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के बहादुरगंज प्रखंड के बहादुरपुर बाजार में स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक का एक पद रिक्त है लेकिन तीन वर्षों से उक्त पद पर महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक नहीं रहने से गर्भवती महिलाओं को इलाज हेतु लगभग [illegible] कि०मी० दूर किशनगंज सदर अस्पताल जाना पड़ता है जिससे उन्हें कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य केन्द्र का जीर्णोद्धार

*1039. श्री अमित कुमार— क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बैरगनियाँ प्रखंड के [illegible] का अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर है जिससे चिकित्सकीय कार्यों में असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*1040. श्री महेश्वर प्रसाद यादव— क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट एवं कटरा प्रखंड में ग्रामीण विद्युतीकरण एवं विद्युत आपूर्ति का कार्य एस्सेल कम्पनी को दो वर्ष पूर्व से मिला हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त दोनों प्रखंडों के एक भी गाँव में विद्युतीकरण कार्य एस्सेल कम्पनी द्वारा अबतक पूरा नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में विद्युतीकरण का कार्य पूरा कराने के लिये किस तरह की कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् की आपूर्ति

*1041. श्री अख्तरुल इस्लाम शाहीन—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड [illegible] के पंचायत [illegible] में स्थित [illegible] स्टेट ट्यूबवेल विद्युत् कनेक्शन के बिना बन्द पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार कृषि कार्य हेतु उक्त स्टेट ट्यूबवेल को चालू कराने हेतु कबतक विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् सब-डिवीजन की स्थापना

*1042. श्री सुरेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत औराई एवं कटरा प्रखंड में विद्युत् सब-डिवीजन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त प्रखंडों के 2,76,000 उपभोक्ताओं को [illegible] सब-डिवीजन में जाकर बिजली बिल जमा करना पड़ता है, जिसकी दूरी लगभग 100 कि० मी० है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार औराई प्रखंड में विद्युत् सब-डिवीजन स्थापित करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*1043. श्रीमती ज्योति देवी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, [illegible] में महिला चिकित्सक पदस्थापित नहीं है, जिससे महिला मरीजों को प्रसव आदि कार्यों में परेशानी होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, [illegible] में महिला चिकित्सक को प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अग्निशामक दस्ता की व्यवस्था

*1044. श्री अमरनाथ गामी—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि [illegible] में गाँवों में अगलगी का प्रकोप होता रहता है, जिसमें जान-माल की क्षति होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला मुख्यालय से अग्निशामक दस्ता सही समय पर नहीं पहुँचने से आग पर काबू पाने में विलम्ब हो जाता है जिससे भारी क्षति होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखण्ड मुख्यालयों पर अग्निशामक दस्ता उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण पूरा करना

*1045. श्री सत्यदेव सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल और जहानाबाद जिलों में सभी गाँवों को विद्युतीकरण के लिए दक्षिण भारतीय श्री एस॰ सुब्बाराव को एक वर्ष पूर्व निविदा आवंटित की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संवेदक द्वारा विद्युतीकरण का कार्य नहीं कराया जा रहा है, जिससे जनता में भारी आक्रोश है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त संवेदक के खिलाफ कार्रवाई कर कोई नई व्यवस्था के तहत विद्युतीकरण का कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

औचित्य बतलाना

*1046. श्री नन्द किशोर यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना सिटी स्थित मारूफगंज के जमुना प्रसाद अस्पताल का अपना भवन का निर्माण वर्ष 2013 में ही हो चुका है किन्तु यह अस्पताल अभी तक किराये के मकान में ही संचालित है, यदि हाँ, तो भवन निर्माण हो जाने के पश्चात् भी अबतक उक्त अस्पताल को किराये के मकान में संचालित करने का क्या औचित्य है ?

दो ए॰ एन॰ एम॰ की प्रतिनियुक्ति

*1047. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत कुमारीपुर के उप-स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थापित दो ए॰ एन॰ एम॰ को कटिहार सदर अस्पताल में रखे जाने के कारण उप-स्वास्थ्य केन्द्र में अहर्निश सेवा बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों ए॰ एन॰ एम॰ को उप-स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रतिनियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना का कार्यान्वयन

*1048. श्री रवीन्द्र सिंह—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत एकीकृत कार्य योजना से चयनित रामपुर चौरम से पूरब की ओर रसलपुर तितरा तक पथ निर्माण नहीं कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस योजना का अर्थात बैंक में जमा राशि के विरुद्ध अर्जित सूद की राशि 2,09,33,300 रुपये है ;

(3) क्या यह बात सही है कि संदर्भित योजना एकीकृत कार्य योजना अरवल की बैठक (23 मार्च, 2013) में स्वीकृत की जा चुकी है तथा जिला पदाधिकारी, अरवल के पत्रांक 660, दिनांक 1 अगस्त, 2015 द्वारा क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी, मगध प्रमंडल, गया के पास प्रशासनिक स्वीकृति के लिए लंबित है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना को कार्यान्वित कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफार्मरों को अपग्रेड करना

*1049. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के वारिसनगर विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत खानपुर प्रखण्ड के नये मुख्यालय भवन, आवासीय परिसर तथा खानपुर बाजार में पूर्व से लगे अल्प पावर ट्रांसफार्मर की वजह से विद्युत आपूर्ति प्रायः बाधित रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन स्थलों में लोड के अनुरूप ट्रांसफार्मरों को यथाशीघ्र अपग्रेड करते हुये नियमित रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है ?

चिकित्सक का पदस्थापन

*1050. श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत कटोरिया विधान-सभा क्षेत्र में दो रेफरल अस्पताल हैं, परंतु उक्त दोनों रेफरल अस्पताल में महिला चिकित्सक नहीं हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक महिला चिकित्सक का पदस्थापन करने का विचार रखती है ?

ब्लड का रख-रखाव

*1051. श्रीमती प्रेमा चौधरी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर में विगत 15 वर्षों से ब्लड बैंक यूनिट संचालित है, परन्तु उक्त ब्लड बैंक में ब्लड न रखकर पटना ब्लड बैंक में रखा जाता है जिसके कारण आपातकालीन स्थिति में गंभीर मरीजों की चिकित्सा में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ब्लड बैंक में ब्लड के रख-रखाव की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*1052. श्री रामदेव राय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा, भगवानपुर एवं मंसूरचक प्रखण्डों में राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना के तहत निर्माणाधीन कार्य अधूरे हैं, यदि हाँ, तो सरकार अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रा०स्वा० केन्द्र खोलवाना

*1053. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत [illegible] पंचायत [illegible], रैन्दा, महियावाँ में कोई अस्पताल नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों में गरीब वर्ग के लोग अधिक रहते हैं, जिसकी जनसंख्या 35 हजार है, जिन्हें इलाज हेतु 10–15 कि०मी० दूर जाना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के ग्राम-तोल में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र बनाने की अनुशंसा मुख्य शल्य चिकित्सा पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा वर्ष 2013 में सचिव, स्वास्थ्य समिति को भेजा गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तोल ग्राम में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

रज्जु मार्ग का निर्माण

*1054. श्री राम नारायण मंडल— क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के मंदार पर्वत पर आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को देखने हेतु पर्यटक इसकी चढ़ाई करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पर्वत पर रज्जु मार्ग का निर्माण करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय पर्यटन मंत्री द्वारा 22 जनवरी, 2015 को शिलान्यास किया गया परन्तु आजतक निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पर्यटकों की सुविधा हेतु मंदार पर्वत पर रज्जु मार्ग का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*1055. श्री जय वर्धन यादव— क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही कि पटना जिला के पालीगंज प्रखण्ड के [illegible] स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु वर्ष 1990 में ग्रामीणों द्वारा जमीन राज्यपाल के नाम से निबंधित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण स्थानीय लोगों को ईलाज हेतु पालीगंज अनुमंडलीय स्वास्थ्य केन्द्र में जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार [illegible] उक्त जमीन पर आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*1056. श्री (डॉ०) शकील अहमद खाँ— क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही कि कटिहार जिला अन्तर्गत कदवा प्रखण्ड के [illegible] एवं तेलीनिया पंचायतों के ग्रामों में आजादी के बाद अभीतक कहीं विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार [illegible] तथा तेलीनिया पंचायतों के ग्रामों में कबतक विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य कर्मियों का पदस्थापन

*1057. श्री [illegible]—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्रा० स्वा० केन्द्र, लौकहा में चिकित्सक, महिला चिकित्सक तथा स्वास्थ्य कर्मी के नहीं रहने के कारण मरीजों को 30 किलो मीटर दूर झंझारपुर या जयनगर जाना पड़ता है जिससे गंभीर रूप से बीमार मरीज की रास्ते में ही मृत्यु हो जाती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार प्रा० स्वा० केन्द्र, लौकहा में चिकित्सक एवं महिला चिकित्सक के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मियों का पदस्थापन कबतक करने का विचार रखती है ?

तार-पोल लगाना

*1058. डॉ० सुनील कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के विभिन्न मुहल्लों के बिजली के पोल एवं तार जर्जर हालत में है और 40-50 वर्षों से नये तार नहीं लगाये गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि जर्जर तार एवं पोल के स्थान पर नये पोल, तार नहीं लगाने के कारण [illegible], [illegible], [illegible], [illegible] कॉलोनी, [illegible] सिनेमा के पीछे कई बार दुर्घटना हो चुकी है तथा उपभोक्ताओं को 150 मीटर दूर से तार खींच कर बिजली का उपयोग करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहारशरीफ में नये तार-पोल लगाकर शहर को दुर्घटना मुक्त कर लगातार बिजली मुहैया कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बन्द करने का औचित्य

*1059. श्रीमती गायत्री देवी—स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 2 फरवरी, 2016 को प्रकाशित शीर्षक "अस्पतालों में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ठप्प" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन योजना के माध्यम से राज्य के सात सौ अस्पतालों को जोड़ने के लिये प्रयोग के तौर पर पिछले वर्ष राजधानी के आठ अस्पतालों में योजना की शुरुआत कर संजीवनी सॉफ्टवेयर के माध्यम से मरीजों को यूनिक मेडिकल नम्बर दिया गया जिससे एक बार रजिस्ट्रेशन कराने के बाद दूसरे अस्पताल में भी उसी रजिस्ट्रेशन नम्बर पर इलाज कराया जा रहा था, जिससे मरीजों एवं डॉक्टरों को इलाज में सुविधा हो रही थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान समय में उक्त योजना बन्द है जिससे बिहार के मरीजों को इलाज में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इसके बन्द किये जाने का क्या औचित्य है ?

विकसित करना

*1060. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखंड स्थित नागेश्वर नाथ महादेव, [illegible], मधेपुर प्रखंड स्थित कपिलेश्वर नाथ महादेव [illegible] एवं पारसमणि नाथ महादेव, [illegible] को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु अपर सचिव, पर्यटन विभाग, बिहार सरकार द्वारा जिला पदाधिकारी, मधुबनी से प्रतिवेदन की माँग की गयी थी जिसके आलोक में जिला पदाधिकारी, मधुबनी ने जिला विकास प्रशाखा के पत्रांक 1419, दिनांक 21 नवम्बर, 2012 एवं पत्रांक 1135, दिनांक 21 सितम्बर, 2013 द्वारा विस्तृत प्रतिवेदन पर्यटन विभाग को भेजा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य ने जिला पदाधिकारी मधुबनी के पत्रों का हवाला देते हुये 21 जुलाई, 2014 को प्रधान सचिव, पर्यटन विभाग, बिहार को पत्र लिखकर वर्णित स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का अनुरोध किया है परन्तु उपरोक्त दिशा में अबतक कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित धर्मस्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण पूरा कराना

*1061. श्री राघव शरण पाण्डेय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा नगर परिषद् को पूर्णरूपेण विद्युतीकरण करने का कार्य वर्ष मार्च, 2014 में आरम्भ हुआ जिसे दिसम्बर, 2015 में पूर्ण होना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि 8 करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद बगहा नगर परिषद् के वार्ड सं० 29 में वंचित बस्ती एवं अन्य कई वार्डों में विद्युतीकरण का कार्य अधूरा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बगहा नगर परिषद् के सभी वार्डों में शेष बचे विद्युतीकरण कार्य को कबतक पूरा करने का विचार रखती है ?

जाँच कराना

*1062. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखंड में स्थित राकेश मेडिकल हॉल, डुमरी बाजार, बैकुण्ठपुर प्रखंड में स्थित स्वामी मेडिकल हॉल, दिघवा दुबौली, भारतीय मेडिकल हॉल, दिघवा दुबौली बाजार, गौतम मेडिकल हॉल, दिघवा दुबौली बाजार, राघवजी मेडिकल हॉल, दिघवा दुबौली बाजार, अभिनव मेडिकल हॉल, दिघवा दुबौली बाजार, दवा दुकान अमवा बाजार (कमालपुर) के द्वारा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू विद्युत कनेक्शन लेकर विद्युत का उपयोग कर रहे हैं, जिससे राजस्व की चोरी हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा लोड के अनुपात में विद्युत कनेक्शन नहीं ली गई है जिससे अत्यधिक विद्युत को खपत कर विद्युत चोरी की जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बिजली का पोल बदलना

*1063. डॉ० विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के नगर पंचायत शेरघाटी में कचहरी मोड़ से अनुमंडल पदाधिकारी के आवास तक लगे बिजली के पोल काफी पुराने एवं जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पोल जर्जर रहने से कई बार दुर्घटना होते-होते बची है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर बिजली का पोल को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण

*1064. श्री मेवालाल चौधरी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखंड अन्तर्गत पंचायत अमैया के ग्राम चोरगांव में उप-स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है, जो निजी भवन में चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं होने के कारण लोगों को इलाज में असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र हेतु नये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*1065. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत कुटुम्बा प्रखण्ड के परियावां पंचायत में एक भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने से आम जनता को 12 कि०मी० की दूरी तय कर दूसरे अस्पताल में जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों की संख्या बढ़ाना

*1066. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि एस०के० मेडिकल कॉलेज अस्पताल, मुजफ्फरपुर में मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण प्रत्येक वार्ड के बरामदे के फर्श पर मरीजों का चिकित्सकीय कार्य किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि मरीजों की संख्या के अनुपात में एस०के०एम०सी०एच०, मुजफ्फरपुर में वार्ड, बेड के साथ-साथ चिकित्सा कर्मियों का अभाव है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मेडिकल कॉलेज में वार्ड, बेड एवं चिकित्सा कर्मियों की संख्या में बढ़ोतरी करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

अस्पताल का उत्क्रमण

*1067. श्रीमती पूर्णिमा यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत कौआकोल प्रखण्ड के रेफरल अस्पताल बनने की सभी शर्तों को पूरा करता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र को रेफरल अस्पताल में उत्क्रमित कर रेफरल अस्पताल की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुक्त कराना

*1068. श्रीमती रेखा देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के धनरूआ प्रखण्ड अन्तर्गत धनरूआ पावर सब स्टेशन की घेराबंदी को दस वर्षों से असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़कर जमीन पर अतिक्रमण किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पावर सब-स्टेशन के जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

इंदिरा आवास बनाना

*1069. <u>श्री मुन्द्रिका सिंह यादव</u>—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि श्री सुखदेव साव, ग्राम-बेलन, पंचायत-नारायणपुर, अंचल-रतनी फरीदपुर, जिला-जहानाबाद के घर में दिनांक 14 फरवरी, 2016 को रात्रि में अचानक आग लगने से मिट्टी एवं फूस का बना मकान जलकर खाक हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अग्नि पीड़ित व्यक्ति का नाम बी०पी०एल० सूची में अंकित है;

(3) क्या यह बात सही है कि अग्नि पीड़ितों को विशेष परिस्थिति में इंदिरा आवास निर्माण कराये जाने का सरकारी प्रावधान है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रभावित अग्नि पीड़ित को इंदिरा आवास बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*1070. <u>श्री (मो०) तौसीफ आलम</u>—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के बहादुरगंज विधान-सभा क्षेत्र के टेढ़ागाछ प्रखण्ड मुख्यालय के निकट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक का एक पद विगत पाँच वर्षों से रिक्त है साथ ही उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में बेड नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक एवं उचित बेड नहीं रहने से गर्भवती महिलाओं को इलाज कराने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति एवं बेड उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

निर्माण कराना

*1071. <u>श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह</u>—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चहारदीवारी नहीं रहने से जानवर एवं अनावश्यक लोगों के प्रवेश से मरीज एवं स्वास्थ्य कर्मी काफी परेशान रहते हैं तथा सरकारी जमीन का भी अतिक्रमण हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर स्वास्थ्य विभाग का अपना जमीन भी उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*1072. <u>श्री दिनेश चन्द्र यादव</u>—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 21 जून, 2007 को तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में हुई राज्यस्तरीय संचालन समिति की बैठक में सहरसा जिला के सलखुआ प्रखण्ड के गोरदह, सिमरी-बख्तियारपुर प्रखण्ड के सोनपुरा, धनपुरा एवं महखार, बनमा-इटहरी प्रखण्ड के भुरती और महिषी प्रखण्ड के ऐना में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का निर्णय लिया गया था, जो अबतक नहीं खोला गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थानों पर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शाखा खोलना

*1073. <u>श्री अशोक कुमार सिंह</u>— क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि साउथ बिहार विद्युत डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी का उपभोक्ता जन-शिकायत आयोग, गया में अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि कैमूर और रोहतास जिले से गया जिले की दूरी 200 कि०मी० है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कम्पनी का विद्युत उपभोक्ता जन-शिकायत आयोग की शाखा रोहतास (सासाराम) में खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

रिक्त पदों को भरना

*1074. <u>श्री समीर कुमार महासेठ</u>— क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार प्रदेश में 40 हजार नर्सों के पद रिक्त हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि न्यायालय द्वारा वर्ष 2010 में ही सूबे के स्वास्थ्य केन्द्र एवं अस्पतालों में ए०एन०एम० के रिक्त पदों को भरने का निदेश राज्य सरकार को दिया गया है परन्तु अबतक नर्सों की नियुक्ति नहीं होने से प्रदेश के स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अस्पतालों में मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रदेश में नर्सों के रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित कर प्रा० स्वा० केन्द्र बनाना

*1075. <u>श्री (मो०) आफाक आलम</u>— क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के गुरही पंचायत में जिलाबोर्ड [illegible] में उप-स्वास्थ्य केन्द्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उप स्वास्थ्य केन्द्र पर डायरिया, न्यूमोनिया, मलेरिया एवं अन्य प्रकार के वायरल बिमारी से ग्रसित रोगियों की अधिक संख्या होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को उत्क्रमित कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कारगर कदम उठाना

*1076. <u>श्री मुन्द्रिका सिंह यादव</u>— क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के मोसलपुर, कोनी, सोनभद्र, अमुआ, भगवतीपुर, धमौल, गोहरा, डकरा गाँव पुनपुन नदी के किनारे बसा हुआ है, जो नदी के कटाव के कारण विलीन होने के कगार पर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँवों को कटाव से रोकने के लिये कारगर कदम उठाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

दवा उपलब्ध कराना

*1077. श्री अचमित ऋषिदेव— क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रेफरल अस्पताल रानीगंज में कुत्ता काटने पर दी जाने वाली दवा उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार रेफरल अस्पताल रानीगंज में उक्त दवा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*1078. श्री अभय कुमार सिन्हा— क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के कोंच प्रखंड अन्तर्गत गैडरा में 6 बेड का अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र 1995 से सृजित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं है जिसके कारण चिकित्सकीय कार्यों में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के अपना भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*1079. श्री अवधेश सिंह— क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर अंचल के चसैनी एवं भोजपट्टी स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन नहीं है एवं वहाँ चिकित्सकों के नहीं रहने के कारण रोगियों को चिकित्सा हेतु 10 कि०मी० दूर हाजीपुर जाना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उप-केन्द्र हेतु पर्याप्त जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए भवन का निर्माण एवं चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पावर सब-स्टेशन बनाना

*1080. श्री अशोक कुमार सिंह— क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड के भदवा में पावर सब-स्टेशन नहीं है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त वर्णित स्थान-भदवा में कबतक पावर सब-स्टेशन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*1081. <u>श्रीमती बेबी कुमारी</u>— क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बोचहा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत मुशहरी एवं बोचहा प्रखण्ड स्थित मनिका, विशनपुर चाँद, बिशुनपुर जगदीश, आथर इत्यादि पंचायत में वर्तमान समय तक ग्रामीण विद्युतीकरण के तहत विद्युतीकरण कार्य नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायतों में कबतक विद्युतीकरण कर विद्युत आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*1082. <u>श्री आनन्द शंकर सिंह</u>— क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत औरंगाबाद प्रखण्ड एवं देव प्रखण्ड में वित्तीय वर्ष 2014-15 में विद्युतीकरण का कार्य कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्डों में विद्युतीकरण का जितने कार्य कराये गये हैं वो गुणवत्तापूर्ण नहीं है एवं कार्य में काफी शिथिलता बरती जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी जाँच कराकर विद्युतीकरण का कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*1083. <u>श्री जितेन्द्र कुमार</u>— क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावां प्रखण्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन के कैम्पस में अतिरिक्त भवन का निर्माण वर्ष 2011 में किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त भवन के निर्माण हेतु प्राक्कलित राशि 2 करोड़ 61 लाख 41 हजार 950 रुपये था;

(3) क्या यह बात सही है कि प्राक्कलन के मुताबिक उक्त नवनिर्मित भवन का निर्माण कार्य नहीं होने से भवन का दीवार जहाँ तहाँ फटकर बर्बाद हो गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राक्कलन के मुताबिक उक्त भवन का निर्माण कार्य नहीं कराने वाले सम्बन्धित पदाधिकारियों के विरुद्ध जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*1084. <u>श्री रवीन्द्र सिंह</u>— क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलों में ए०पी०एच०सी० एवं एच०एस०सी० की कुल स्वीकृत स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 93 है, जिसमें 48 स्वास्थ्य केन्द्रों को ही अपना भवन है, शेष 45 स्वास्थ्य केन्द्र भवनहीन हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त भवनविहीन स्वास्थ्य केन्द्रों का अपना भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण कराना

*1085. श्री (मो०) नेमतुल्लाह—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत [illegible] प्रखण्डान्तर्गत [illegible] गांव में हजारों वर्ष पुराना माँ [illegible] भवानी का भव्य मन्दिर अवस्थित है, जिसे पर्यटक स्थल घोषित करने के निमित्त राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2010-11 में 61 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी थी, जिसमें से केवल दो लाख रुपये का ही कार्य करने के उपरान्त कार्य को अपूर्ण अवस्था में बंद कर दिया गया;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मंदिर का विकास करना

*1086. श्री अरुण कुमार—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत नगर परिषद्, सहरसा में अवस्थित रक्त काली मंदिर एवं मत्स्यगंधा झील पर्यटकों का दर्शनीय स्थल है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार ने उक्त स्थलों के विकास के लिये दो करोड़ रुपये का आवंटन वर्ष 2012-13 में किया था, लेकिन आजतक उक्त राशि का उपयोग नहीं किया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मत्स्यगंधा झील एवं रक्त काली मंदिर का विकास करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

*1087. श्री रत्नेश सदा—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखण्ड के सहुआ में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्र के प्रभारी चिकित्सक एवं नर्स निर्धारित समय से अपने कर्त्तव्य पर उपस्थित नहीं रहते हैं जिसके कारण मरीजों को इलाज कराने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कौन सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

गाँधी सर्किट का विकास

*1088. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी अंग्रेजों के खिलाफ किये गये सत्याग्रह के दौरान अप्रैल, 1917 में मोतिहारी, चन्द्रहिया, [illegible], रामगढ़वा, पीपराकोठी, लखौरा, ढाका, मधुबन, भितिहरवा आदि स्थानों पर गये थे, जिसे देखने हेतु देश विदेश के पर्यटक आते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बौद्ध सर्किट की तरह गाँधी सर्किट का विकास करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*1089. श्री चन्दन कुमार : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखण्ड एवं खगड़िया प्रखंड में मधौना, मोहरा घाट, हरिपुर, बहादुरपुर, मारगछ, शुम्भा एवं रानी शंकरपुरा कुल सात प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है जिसे अपना भवन नहीं है, जिसके कारण उक्त प्रा० स्वा० केन्द्र सामुदायिक भवन या किराये के मकान में चल रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त सातों अतिरिक्त प्रा० स्वा० केन्द्रों का अपना भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रिक्त पदों को भरना

*1090. श्री संजय सरावगी : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि डी०एम०सी०एच०, दरभंगा में स्टाफ नर्स के स्वीकृत 961 पदों में से 635 पद पिछले 7 वर्षों से परिचारिका के स्वीकृत 100 पदों में से 90 पद पिछले 5 वर्षों से नर्सिंग अधीक्षक तथा नर्सिंग उपाधीक्षक के 1-3 स्वीकृत पद पिछले तीन वर्षों से एवं नर्सिंग मातृका तथा सहायक मातृका का एक-एक पद पिछले दो वर्षों से रिक्त है, जिससे स्वास्थ्य सेवा बुरी तरह प्रभावित हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*1091. श्री अमित कुमार : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के सभी सरकारी अस्पतालों में सिर्फ एलोपैथिक चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि आम लोगों को दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ के लिये प्रत्येक सरकारी अस्पताल में आयुर्वेदिक एवं होमियोपैथिक चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बिहार के सभी सरकारी अस्पतालों में आयुर्वेदिक एवं होमियोपैथिक चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

एम० आर० आई० मशीन लगाना

*1092. श्री अजीत शर्मा : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय, भागलपुर में एम०आर०आई० मशीन एवं इकको मशीन नहीं रहने के कारण रोगियों को इलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त चिकित्सा महाविद्यालय में कबतक एम०आर०आई० एवं इकको मशीन लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*1093. श्री राजू तिवारी - क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत पताही प्रखंड के मखनियाँ, गोनौरा, नगुला, इब्राहिमपुर, पश्चिमी सिसवा, नोनिया टोला, डोम टोला, सलामी टोला आदि गाँव विद्युतीकरण से वंचित हैं, जिसके कारण मेधावी छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, साथ ही लोग अँधेरे में जी रहे हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रिक्त पदों को भरना

*1094. श्री राजू तिवारी - क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के अरेराज अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों के 8 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 1 पद महिला चिकित्सक का भी है;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित अस्पताल में चिकित्सकों के 4 पद पिछले तीन वर्षों से रिक्त हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) में वर्णित अस्पताल में चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क किनारे करना

*1095. श्री विजय कुमार खेमका - क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ शहर के कई सड़कों के चौड़ीकरण होने के बाद सड़कों के बीच में सैकड़ों पोल एवं ट्रांसफार्मर आ गये हैं, जिसे अभीतक सड़क के किनारे नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क पर से बिजली के खंभों एवं ट्रांसफार्मर को नहीं हटाने के आये दिन दुर्घटनाएँ होती रहती हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सड़क पर स्थित बिजली के पोल एवं ट्रांसफार्मर को सड़क के किनारे करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*1096. श्री राज कुमार राय - क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान सभा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हसनपुर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिथान में महिला चिकित्सक पदस्थापित नहीं हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर महिलाओं को प्रसव करवाने में परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों (पी०एच०सी०) पर महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवास का निर्माण

*1097. श्री फैयाज अहमद-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिस्फी में चहारदीवारी नहीं है तथा डॉक्टरों का आवास जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टर आवास एवं चहारदीवारी का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*1098. श्री नन्दकिशोर यादव-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना सिटी स्थित श्री गुरु गोविन्द सिंह अस्पताल जिसमें चिकित्सकों के 32 पद स्वीकृत हैं, के विरुद्ध मात्र 13 चिकित्सक पदस्थापित रहने के कारण स्थानीय नागरिकों को चिकित्सकीय कार्यों में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में चिकित्सकों के 32 स्वीकृत पद पर प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों का पदस्थापन

*1099. श्रीमती अरुणा देवी-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वर्ष 1947 के पूर्व से स्थापित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक का पाँच स्वीकृत पद के विरुद्ध अभी मात्र एक (1) चिकित्सक पदस्थापित है तथा वर्ष 2008 से महिला चिकित्सक का पद खाली पड़ा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में कबतक महिला चिकित्सक सहित अन्य चिकित्सकों को पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जर्जर तार, पोल बदलना

*1100. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के परसुरामपुर पंचायत के वार्ड 11 के महादलित टोला में बिजली का तार, पोल विगत 10 वर्षों से जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बिजली के तार, पोल जर्जर होने के कारण बिजली की आपूर्ति काफी बाधित होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बिजली के जर्जर तार, पोल को बदलने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*1101. श्री सुदामा प्रसाद-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के तरारी विधान-सभा क्षेत्र के जगदीशपुर , [illegible] गाँवों में आजतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में कबतक विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1102. श्री विजय कुमार खेमका-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दीनदयाल उपाध्याय ग्राम विद्युत योजना अन्तर्गत 250 आबादी वाले टोले सहित सभी टोलों एवं गाँव को विद्युतीकृत किया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के ग्रामीण क्षेत्र के टोलों-मोहल्ला में बिजली पहुँचाने के नाम पर बिजली कम्पनी गरीब लोगों से सुविधा शुल्क वसूल रही है तथा पोल पर वायरिंग में पुराने तार का प्रयोग किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर कम्पनी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दवाओं की व्यवस्था करना

*1103. श्री ललन पासवान-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नौहट्टा रेफरल अस्पताल में जीवन रक्षक दवा के साथ ही एंटीरेबीज दवा एवं सुई का विगत 3 वर्षों से अभाव है, जिससे उक्त क्षेत्र के रोगियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में जीवन रक्षक दवाओं के साथ एंटीरेबीज दवा एवं सुई की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन बनाना

*1104. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारुण प्रखंड के ग्राम-[illegible] में उप-स्वास्थ्य केन्द्र हेतु ग्रामीणों द्वारा राज्यपाल के नाम 15 डीसमिल जमीन का रजिस्ट्री कर दिया गया है, जिसका अंचल से अनापत्ति प्राप्त है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन उक्त जमीन पर बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*1105. श्री दिनेश चन्द्र यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखण्ड के कठडूमर एवं सलखुआ प्रखण्ड के असामी में दीन दयाल उपाध्याय ज्योति योजना से पावर सब-स्टेशन बनाने का सर्वेक्षण एक साल पूर्व किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर सब-स्टेशन का निर्माण होने से उस क्षेत्र के किसानों को खेती के लिये सुगमता से बिजली उपलब्ध हो जायेगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक कठडूमर एवं असामी में पावर सब-स्टेशन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विस्थापितों को बसाना

*1106. श्रीमती बेबी कुमारी—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बोचहा विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत बूढ़ी गंडक नदी के कटाव के कारण 25 से 30 वर्ष पूर्व से ही सड़क किनारे बाँध के ऊपर विस्थापित परिवार जीवन बसर कर रहे हैं, यदि हाँ, तो कबतक सरकार सभी विस्थापित परिवारों को बसाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कमियाँ दूर करना

*1107. श्री मिथिलेश तिवारी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के दरभंगा, भागलपुर, गया, मुजफ्फरपुर, सहरसा, पूर्णिया सहित कुल 21 जिलों के सरकारी अस्पतालों में नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य सुविधा हेतु स्पेशल न्यू बॉर्न केयर यूनिट (एस०एन०सी०यू०) की व्यवस्था की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिलों के एस०एन०सी०यू० में प्रशिक्षित कर्मियों, अत्याधुनिक उपकरणों, इनक्यूबेटर युक्त एम्बुलेंसों एवं शिशु रोग विशेषज्ञों की कमी के कारण नवजात शिशुओं का उचित उपचार नहीं हो पाता है और उन्हें पटना रेफर कर दिया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त एस०एन०सी०यू० में खण्ड (2) में अंकित कमियों को दूर करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रामा सेंटर का निर्माण

*1108. श्री चन्दन कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला में ट्रामा सेन्टर नहीं है, जिसके कारण गंभीर रूप से घायल मरीजों का समुचित इलाज नहीं हो पाता है, जिसके कारण मरीजों को चिकित्सा कराने हेतु बेगूसराय जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार खगड़िया जिला मुख्यालय के सटे एन०एच० 31 बस स्टैंड के बगल में ट्रामा सेन्टर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्साकर्मियों का पदस्थापना

*1109. श्री (डॉ०) रामानुज प्रसाद—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखण्ड के बस्तीजलाल पंचायत में नवनिर्मित अस्पताल में डॉक्टरों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण आम जनता को चिकित्सकीय लाभों से वंचित रहना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में डॉक्टर एवं अन्य चिकित्साकर्मियों की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दरगाह का जीर्णोद्धार

*1110. श्री (मो०) नेमतुल्लाह—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत बड़हरिया प्रखण्ड के लकड़ी दरगाह जिसे तत्कालीन शासकों द्वारा बनवाया गया था, जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त ऐतिहासिक दरगाह का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*1111. श्री राम विलास पासवान—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने वर्ष 2010 तक प्रदेश के सभी गाँवों को राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत विद्युतीकरण करने का निर्णय लिया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखण्ड के निम्न गाँवों लिलेश टोला, कालीकाहा, नीमचक, आदिवासी टोला, खुटहाचक, रौंदी टोला, भूमिया टोला, मदनपुर, मिर्जा टोला एवं छोटी मोहनपुर में विद्युतीकरण नहीं हुआ है जिसके कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत वर्णित गाँव में विद्युत पहुँचाने के लिये कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पावर स्टेशन का निर्माण

*1112. श्री विद्या सागर केशरी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज प्रखण्ड के अमौना पंचायत के दोपोल गाँव में 8 मेगावाट के पावर सब-स्टेशन का निर्माण 4 वर्ष पूर्व बिहार हाइड्रो पावर प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा शुरू किया गया था परन्तु कुछ कार्य कराने के बाद कार्य 2 वर्ष से बन्द है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पावर स्टेशन का निर्माण कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*1113. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड के मरंगी, बलसामा, ग्रामबाड़ी सिंहपुर, बंखारी, रघुगाँव, झिल्ली, पाड़ा, चाँदपुर, शोणाबाड़ी, मखनपुर, फलसा टोला, हाट कौल, मरिया टोला, बभन गाँव, केलाबाड़ी, ईमान नगर, शिवमंदिर टोला, नयाटोला, खरसैता, कन्होल पुरसौल, दमाईपुर, मोहम्मदपुर, पहाड़पुर, कौला (निर्मल), रामपुर, अमरसिंहपुर, पहाड़पुर, कलमंगा, सुजड़ा, मंगलपुर, कमलपुर, हरपौल, गच्छ, नेयड़ा महेशपुर, भकाई कौल, इलितमनि, कोलबाड़ी, कमरुबाड़ी, सिमरिया, सिमडांगा, धूमटोला, सिधौल, हरनागर, बैरिया शीतलपुर, अरिहाना में विद्युतीकरण का कार्य अभीतक शुरू नहीं किया गया है जिसके कारण उक्त गाँवों के लोगों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त गाँवों में विद्युतीकरण का कार्य कबतक कराने का विचार रखती है ?

चिकित्सकों का पदस्थापन

*1114. श्रीमती अरुणा देवी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज में एक रेफरल अस्पताल वर्ष 1983 से स्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में चिकित्सक का स्वीकृत पद छः (6) है, जिसके विरुद्ध अभी मात्र एक चिकित्सक पदस्थापित है, साथ ही वर्ष 1991 से महिला चिकित्सक का पद खाली पड़ा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में महिला चिकित्सक सहित अन्य चिकित्सकों की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*1115. श्री (मो०) आफाक आलम—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के [illegible] पंचायत में गिरदा उप-स्वास्थ्य केन्द्र है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र में आहत रोगियों के अलावा डायरिया, मलेरिया, न्यूमोनिया सहित अन्य रोगियों की संख्या अधिक रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गिरदा उप-स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

योजना का लाभ देना

*1116. श्री राम विलास पासवान—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड के बाबूचक, बाबूपुर, खवासपुर एवं कहलगाँव प्रखंड के मोहनाथपुर, सन्हौलक गाँव में दिनांक 5 फरवरी, 2016 को हुयी आगलगी में आधा गाँव जल कर राख हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अगलगी से प्रभावित परिवार को इन्दिरा आवास योजना का लाभ देने का सरकारी प्रावधान है, परन्तु अभीतक उक्त गाँव के पीड़ित परिवारों को इन्दिरा आवास योजना का लाभ नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव के पीड़ित परिवारों को इन्दिरा आवास योजना का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

समस्या पूर्ण करना

*1117. श्री मिथिलेश तिवारी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि एम०सी०आई० पिछले तीन साल से राज्य के छः पुराने और तीन नये सरकारी मेडिकल कॉलेजों में शैक्षणिक और आधारभूत संरचनाओं की कमियों को लेकर आपत्ति दर्ज कर रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा उन कमियों को निश्चित समय-सीमा के अन्दर दूर करने का आश्वासन देने की शर्त पर एम०सी०आई० हर साल कॉलेजों को नामांकन लेने की अनुमति दे रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि तय मानक पूरा न करने पर सूबे के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नामांकन के लिए बढ़ाई गई 210 सीटों पर नये सत्र में नामांकन की मंजूरी नहीं देने की चेतावनी एम०सी०आई० द्वारा दी गयी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मेडिकल कॉलेजों में एम०सी०आई० के तय मानक के अनुसार शैक्षणिक और आधारभूत संरचनाओं की समस्या पूरा करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*1118. श्री उमेश सिंह कुशवाहा—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महनार प्रखंड में उपभोक्ताओं द्वारा उपभोग किये गये बिजली के अनुपात में अत्यधिक बिजली बिल भेजा जा रहा है तथा बिजली बिल सुधार के नाम पर उपभोक्ता से कर्मचारी एवं सहायक अभियंता द्वारा मोटी रकम की उगाही की जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण का कार्य

*1119. श्री सैयद अबु दौजाना—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत ग्राम नगर पंचायत में उत्तर भाग एवं अल्पसंख्यक मोहल्ला में कलाम के कुम्हार मोहल्ला, करवानी टोला से पासवान टोला तक बिजली नहीं रहने के कारण ग्रामीण जनता को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर विद्युतीकरण का कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*1120. श्री अमरनाथ गामी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हायाघाट प्रखंड के पतोर, दामोदरपुर, हरिहरपुर एवं हायाघाट प्रखंड के परिसर में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण कराने की स्वीकृति स्वास्थ्य राज्य स्टीयरिंग कमिटी द्वारा वर्ष 2007 में दी गयी थी किन्तु निर्माण कार्य अबतक प्रारम्भ नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त गाँवों में कबतक अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रिक्त पद भरना

*1121. श्री संजय सरावगी—स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 14 दिसम्बर, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''एम॰सी॰आई॰/डी॰एम॰सी॰एच॰ नामांकन पर गिर सकती है गाज'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि डी॰एम॰सी॰एच॰, दरभंगा में सरकार की माँग पर एम॰सी॰आई॰ ने 2013 में 90 सीटों के स्थान पर 100 सीटों पर एम॰बी॰बी॰एस॰ में नामांकन की सशर्त सहमति प्रदान की थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि एम॰सी॰आई॰ द्वारा वर्ष 2013, 2014, 2015 में लगातार तीन बार डी॰एम॰सी॰एच॰, दरभंगा का निरीक्षण करते हुये शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने का निर्देश राज्य सरकार को देने के बावजूद इन पदों को नहीं भरने के कारण डी॰एम॰सी॰एच॰ में नामांकित अतिरिक्त 10 छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डी॰एम॰सी॰एच॰, दरभंगा में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

हाई टेंशन तार हटाना

*1122. श्री राम नारायण मंडल—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बाराहाट बाजार एक घनी आबादी वाला बाजार है, जिसमें श्री राजेन्द्र चौधरी के घर से मनोज पोद्दार के घर तक एवं सतीश चन्द्र सिंह के घर से बाराहाट अतिथिशाला तक के ऊपर से हाई टेंशन तार गुजर रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन दोनों स्थानों के ऊपर से हाई टेंशन तार के गुजरने के कारण कभी भी दुर्घटना घट सकती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस हाई टेंशन तार को उक्त स्थान के ऊपर से हटाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दवा आपूर्ति कराना

*1123. श्री भाई वीरेन्द्र—स्थानीय समाचार-पत्र में दिनांक 1 जनवरी, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''ग्रामीण अस्पतालों में न डॉक्टर, न दवाई'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा राज्य के जिलों के सरकारी अस्पतालों की स्थिति की जानकारी के लिये गठित टीम के द्वारा दिनांक 28 से 31 दिसम्बर, 2015 तक समर्पित प्रतिवेदनों में यह दर्शाया गया है कि पूरे प्रदेश के जिलों के अस्पतालों में चिकित्सकों/कर्मियों की कमी, संसाधनों का अभाव, उचित निगरानी का नहीं होने के साथ ही जीवन रक्षक दवाओं की अनुपलब्धता के चलते लाचार मरीजों को बाहर से दवाओं का क्रय करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार राज्य के सभी अस्पतालों में चिकित्सकीय संसाधनों सहित जीवन रक्षक दवाओं की समयबद्ध आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*1124. श्री जिवेश कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड अन्तर्गत [illegible] गाँव में बने विद्युत सब-स्टेशन के लिये जमीन का अधिग्रहण टेन्डर प्रक्रिया के द्वारा नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो इसकी जाँच करवाकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पावर सब-स्टेशन बनाना

*1125. श्री नौशाद आलम—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखण्डान्तर्गत पौआखाली बाजार में पावर सब-स्टेशन नहीं है जिसके कारण क्षेत्र में निर्बाध विद्युतापूर्ति में कठिनाई उत्पन्न हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार पौआखाली बाजार में पावर सब-स्टेशन कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1126. श्री श्याम रजक—स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 6 फरवरी, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''बिहारी डॉक्टरों के साथ महाराष्ट्र सरकार का रवैया अपमानजनक'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य के बीस होम्योपैथी चिकित्सकों का लाइसेंस बिहार राज्य होम्योपैथी बोर्ड के सम्बद्धता के कारण रद्द कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य होम्योपैथी बोर्ड द्वारा बिहार को होम्योपैथी चिकित्सकों को प्रदान की जानेवाली लाइसेंस की मान्यता पूरे देश में है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के उक्त बीस चिकित्सकों के हित में कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

भवन का निर्माण

*1127. श्रीमती एज्या यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोहनपुर प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को 5 एकड़ भूमि उपलब्ध है लेकिन भवन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र विगत 5 वर्षों से उप-स्वास्थ्य केन्द्र मोहनपुर में संचालित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अस्पताल के भवन का उद्घाटन

*1128. श्रीमती एज्या यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी प्रखण्ड में अनुमंडलीय अस्पताल का भवन वर्ष 2010 में बनकर तैयार हो गया है परन्तु अभीतक उक्त अस्पताल का उद्घाटन नहीं किया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अनुमंडलीय अस्पताल, पटोरी के भवन का उद्घाटन कर संचालित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1129. [illegible]--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड बनगाँव में बोधायन सर (तालाब) का मंदिर 250 वर्ष पुराना, नानपुर प्रखंड के बिरसी में 1,000 वर्ष पूर्व का शिव मंदिर, अथरी में 20 फीट ऊँचा शिवलिंग एवं बाजपट्टी प्रखंड के गोरौल शरीफ में 800 वर्ष पुराना गोरौल शरीफ मजार अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित धार्मिक स्थलों पर प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन एवं पूजा-अर्चना की जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित धर्म स्थलों को पर्यटन स्थल घोषित करने एवं मूलभूत आधारभूत सुविधा मुहैया करने हेतु कौन सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*1130. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सदर अस्पताल, भागलपुर में चिकित्सकों का स्वीकृत पद 17 है जिसमें मात्र 7 चिकित्सक ही प्रतिनियुक्त हैं, यदि हाँ, तो उक्त अस्पताल में चिकित्सकों के रिक्त पदों पर सरकार चिकित्सकों की कबतक प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बेडों की संख्या बढ़ाना

*1131. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पी0एम0सी0एच0 के आकस्मिक विभाग में बेडों की संख्या कम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य से इलाज हेतु मरीज पटना आते हैं जिन्हें आकस्मिक इलाज के क्रम में बेडों की संख्या कम रहने से कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक पी0एम0सी0एच0 के आकस्मिक विभाग में बेडों की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*1132. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित कोसी दियारा के पंचायतें गढ़गाँव, बसीपट्टी, डारह, झालसा, महपतिया, बकुआ, भरगामा कन्हारा में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है जिसमें उक्त पंचायतों के वासिन्दे को नाव से नदी पार कर पी0एच0सी0 मधेपुर, इलाज हेतु जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार वर्णित पंचायतों के झालसा गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलकर वहाँ के वासिन्दों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन की मरम्मती

*1133. <u>श्री जितेन्द्र कुमार राय</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिले के मढ़ौरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-सह-रेफरल अस्पताल के भवन, नाला, सड़क, बाउण्ड्री वॉल, शौचालय इत्यादि मरम्मती के अभाव में जर्जर हो चुके हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल के भवन, सड़क, बाउण्ड्री वॉल, शौचालय इत्यादि की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

व्यवस्था सुधारना

*1134. <u>श्री केदार प्रसाद गुप्ता</u>--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के कुढ़नी प्रखंड में लगे बिजली के तार, पोल एवं ट्रांसफार्मर की स्थिति जर्जर है जिससे लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में बिजली की व्यवस्था सुधारने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*1135. <u>श्री विनोद प्रसाद यादव</u>--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखंड के नगर पंचायत अन्तर्गत दुर्लिखन मंदिर एक पुराना और ऐतिहासिक मंदिर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण वहाँ की मूर्तियों को दूसरे स्थान में रखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ऐतिहासिक मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

<u>उत्तर मंत्री</u>--(1) स्वीकारात्मक है।

(2) स्वीकारात्मक है।

(3) बिहार के विभिन्न जिलों में ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थल हैं, जिनका पर्यटन के दृष्टिकोण से विकास किया जाना अपेक्षित है। बिहार में पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुये दसवर्षीय पर्यटन रोड मैप बनाने का सैद्धांतिक निर्णय लिया गया है जिसके आलोक में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु राज्य के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जायेगा। इस प्रयोजन हेतु सभी जिला पदाधिकारियों से पत्रांक 153, दिनांक 21 जनवरी, 2016 द्वारा जिलावार सूचना माँगी गई है।

चिकित्सक और नर्स की प्रतिनियुक्ति

*1136. <u>श्री मनोहर प्रसाद सिंह</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड के बैरिया ग्राम पंचायत के गौरीपुर ग्राम में स्थापित उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन है लेकिन वहाँ चिकित्सक और नर्स प्रतिनियुक्त पदस्थापित नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ चिकित्सक और नर्स पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पेयजल एवं रोशनी की व्यवस्था करना।

*1137. डा० प्रवेश कुमार—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया प्रखण्ड में भगवान बुद्ध का बौद्ध स्तूप है जिसे देखने के लिये देश-विदेश से प्रतिवर्ष पर्यटक आते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि पर्यटकों के लिये उक्त स्थल पर पार्किंग, पेयजल एवं रोशनी की समुचित व्यवस्था नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पर्यटक स्थल पर पार्किंग, पेयजल एवं रोशनी की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सरकारी नौकरी देना।

*1138. श्रीमती भागीरथी देवी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत रामनगर प्रखण्ड के [illegible] निवासी स्व० भगेलू बैठा की मृत्यु दिनांक 24 दिसम्बर, 2011 को विद्युत स्पर्शाघात से हो गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि स्व० बैठा की मृत्यु के पश्चात् अबतक उनके परिवार को न तो मुआवजा मिला है और न ही उनके परिवार के एक सदस्य को नौकरी ही दी गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृत सरकारी विद्युत् कर्मी के परिवार को मुआवजा के साथ-साथ सरकारी नौकरी देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलना।

*1139. श्री फ़ैयाज अहमद—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्ड के तरहरा, बिस्फी, दुर्गोलिया, [illegible] एवं रहिका प्रखण्ड के चन्द्रसेनपुर, इजरा में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं है जिससे आम जनता को कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना।

*1140. श्रीमती (डॉ०) रंजु गीता—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णय के आलोक में सम्पूर्ण बिहार में विद्युतीकरण होना है जिसमें सीतामढ़ी जिला भी सम्मिलित है;

(2) क्या यह बात सही है कि सम्पूर्ण सीतामढ़ी जिला के विद्युतीकरण करने के लिये सम्बन्धित इकाई तथा एजेन्सी के द्वारा विद्युतीकरण का कार्य बिल्कुल धीमी गति से किया जा रहा है, जिससे बाजपट्टी विधान सभा क्षेत्र के तीन प्रखण्डों बाजपट्टी, नानपुर, बोखड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण का कार्य 30 सालों तक ही हो सकता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सम्पूर्ण सीतामढ़ी जिले के विद्युतीकरण के साथ वर्णित प्रखण्डों में तीव्र गति से विद्युतीकरण का कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सक उपस्थिति की व्यवस्था

*1141. श्री [illegible]—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत [illegible] प्रखंड के [illegible], [illegible], [illegible], [illegible] आदि गाँवों के स्वास्थ्य उप-केन्द्रों पर नर्स एवं डॉक्टर अपने कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं रहते हैं, वे सिर्फ कागज में ही उपस्थित रहते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सभी स्वास्थ्य उप-केन्द्रों पर डॉक्टर एवं नर्सों की नियमित उपस्थिति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों का पदस्थापन

*1142. डॉ॰ रामानुज प्रसाद—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत [illegible] प्रखंड के [illegible] पंचायत स्थित प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन विगत 5 वर्षों से बन्द हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माणोपरांत आजतक चिकित्सकों एवं अन्य कर्मियों की पदस्थापना नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों एवं अन्य कर्मियों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*1143. डॉ॰ (प्रो॰) [illegible] कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत [illegible], [illegible] एवं [illegible] प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर शिशु एवं महिला चिकित्सक नहीं रहने के कारण आम जनता को चिकित्सा कराने में दिक्कत होती है, यदि हाँ, तो उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर सरकार कबतक शिशु एवं महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अस्पताल एवं चिकित्सकों की व्यवस्था

*1144. श्री [illegible]—हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 23 दिसम्बर, 2015 को प्रकाशित खबर के शीर्षक "न दवा न बेड पर चादर, फिर भी अस्पताल" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पू॰ चम्पारण जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में आउटडोर व इंडोर मिलाकर कुल 500 मरीज प्रतिदिन इलाज कराते हैं, जहाँ पर्ची, दवा तथा [illegible] का अभाव रहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में न तो दवा रहता है और न ही मरीजों के बेड पर चादर जबकि चिकित्सा कर्मियों की संख्या 150 के करीब है इसके बावजूद मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा नदारद है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल की व्यवस्था दुरुस्त करते हुए चिकित्सकों की मौजूदगी, दवा एवं मरीजों के बेड पर चादर की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*1145. श्री केदार प्रसाद गुप्ता– क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में पी॰एच॰सी॰ का भवन करोड़ों की लागत से बना है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पी॰एच॰सी॰ में इंस्ट्रूमेंट और डॉक्टरों की कमी है जिससे जहां लोगों को 30 किलोमीटर दूर मुजफ्फरपुर जाकर अपना इलाज करवाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पी॰एच॰सी॰ में सुविधा [illegible] के अनुरूप डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति एवं इंस्ट्रूमेंट की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*1146. श्री सीता राम यादव– क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के [illegible] प्रखंडान्तर्गत [illegible] गाँव के [illegible] टोला में विद्युतीकरण नहीं होने के कारण गाँव में निवास करने वाले लोगों को रात में अंधकार का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वंचित गाँव में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

गुटका-खैनी पर प्रतिबंध

*1147. श्री [illegible] सिंह–क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने राज्य में गुटका एवं खैनी के बिक्री एवं उपयोग पर वर्ष 2014 से प्रतिबंध लगा दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रतिबंध के बावजूद बाजार में खुलेआम दुकानों में धड़ल्ले से गुटका की बिक्री की जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गुटका एवं खैनी पर लगाये गये प्रतिबंध को सख्ती से लागू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तार एवं पोल हटाना

*1148. श्री विनोद कुमार सिंह–क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारीशरीफ प्रखंड स्थित [illegible] विद्युत उप-केन्द्र से न्यू [illegible] मोहल्ला के बीचो-बीच स्थित 33 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार द्वारा विद्युत आपूर्ति की जाती थी किन्तु वो [illegible] बन्द कर दूसरे [illegible] से विद्युत आपूर्ति की जाती है तथा उक्त अनुपयोगी 33 हजार वोल्ट के तार एवं पोल को विभाग द्वारा अभीतक नहीं हटाया गया है, जिसके कारण मोहल्ला के लोगों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार न्यू [illegible] मोहल्ले के बीचो-बीच स्थित 33 हजार वोल्ट के अनुपयोगी हाईटेंशन तार एवं पोल को हटाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों का पदस्थापन

*1149. श्री राजेश कुमार — क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा रेफरल अस्पताल में स्वीकृत पद के अनुरूप महिला एवं पुरुष चिकित्सक विगत पाँच वर्षों से पदस्थापित नहीं हैं, जिससे आम जनता को इलाज में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कुटुम्बा रेफरल अस्पताल में कबतक स्वीकृत पदों के अनुरूप चिकित्सकों को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

हाईटेंशन तार शिफ्ट करना

*1150. श्री [illegible] तिवारी — क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बख्तियारपुर प्रखण्डान्तर्गत [illegible] मार्केट के ऊपर से एवं उसके बीच पार करके हाईटेंशन तार पुराने सिंगल पोल से निकला है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त हाईटेंशन तार से आये दिन जान-माल का खतरा होता रहता है जिससे उक्त मुहल्ले में आवासित परिवार एवं बच्चों में दहशत का माहौल व्याप्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त हाईटेंशन तार को रोड साइड में स्थानांतरित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नदियों से कटाव रोकना

*1151. श्रीमती गायत्री देवी — क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत रामनगर प्रखंड के बखरी बाजार ग्राम, शिवपुरवा कॉलोनी, [illegible] ग्रामों का क्रमशः सिगड़ी नदी, [illegible] नदी एवं मसान नदी और गौनाहा प्रखंड के [illegible] ग्राम का [illegible] नदी से कटाव हो रहा है, जिसके कारण उक्त गाँव के सैकड़ों परिवार विस्थापित हो रहे हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त गाँवों का कटाव उक्त नदियों से रोकने की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सक पदस्थापित करना

*1152. श्री ललन पासवान — क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत रेफरल अस्पताल नौहट्टा में तीन महिला चिकित्सक का पद स्वीकृत है परन्तु उक्त अस्पताल में एक भी महिला चिकित्सक पदस्थापित नहीं रहने के कारण महिला रोगियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त रेफरल अस्पताल में कबतक महिला चिकित्सक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा उपलब्ध कराना

*1153. श्री [illegible]—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2015 में प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक मरीजों को निःशुल्क एक्सरे एवं अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा देने के लिये पी०पी०पी० मोड में अस्पतालों में जाँच मशीन लगाने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रानीगंज तथा भरगामा में मरीजों को निःशुल्क सुविधा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रानीगंज तथा भरगामा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मरीजों को निःशुल्क एक्सरे एवं अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप ऊर्जान्वित करना

*1154. श्रीमती पूर्णिमा यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के रोह प्रखण्ड अन्तर्गत [illegible] ग्राम, [illegible], मानपुर, [illegible], [illegible], [illegible] एवं [illegible] ग्रामों में नलकूप चालू करने हेतु पाँच वर्ष पूर्व ऊर्जा विभाग को प्रत्येक ग्राम के लिये एक-एक लाख की राशि प्राप्त करायी गयी थी, परन्तु आजतक ऊर्जा विभाग द्वारा नलकूप को ऊर्जान्वित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में स्थित नलकूप को ऊर्जान्वित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

गाईडों की पुनर्नियुक्ति

*1155. श्रीमती प्रेमा चौधरी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर विधान-सभा क्षेत्र स्थित पातेपुर और [illegible] प्रखण्डों में 2 अक्टूबर, 1977 को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु हेल्थ गाईड योजना लागू किया गया था तथा इसके लिये उक्त क्षेत्र के प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों एवं मुखियाओं द्वारा हेल्थ गाईड को चयनित कर तीन माह का प्रशिक्षण दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2004 में संबंधित पदाधिकारियों द्वारा बिना कोई सूचना के उक्त योजना को बन्द कर दिया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना को पुनर्जीवित करते हुये हेल्थ गाईडों को पुनर्नियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक,नहीं, तो क्यों ?

व्यवस्था करना

*1156. श्री समीर कुमार महासेठ—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखण्ड के [illegible] गाँव स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में समुचित संसाधनों एवं दवा का अभाव रहता है जिसके कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में मात्र एक पदस्थापित चिकित्सक को प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र, बासोपट्टी में भी अपनी सेवा देनी पड़ती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों की नियमित प्रतिनियुक्ति करने और दवा की समुचित व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

औषधि अभाव

*1157. श्रीमती सावित्री देवी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई प्रखण्ड स्थित रेफरल अस्पताल में प्रतिनियुक्त डॉक्टर, नर्स एवं स्वास्थ्य कर्मचारीगण अपने कार्य स्थल पर नहीं रहते हैं जिसके कारण वहाँ की आम जनता को चिकित्सा कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है; यदि हाँ, तो क्या सरकार तत्काल इसकी जाँच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति

*1158. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना शुक्ला—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत प्रखण्ड मीनापुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विगत 30 वर्षों से संचालित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टरों का चार पद स्वीकृत है जिसके विरुद्ध दो चिकित्सक ही कार्यरत हैं जिससे आम जनता को इलाज कराने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में स्वीकृत पद के अनुरूप डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्यालय खोलना

*1159. श्री रामदेव राय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर में सहायक अभियंता, विद्युत् का कार्यालय वर्ष 1983 में स्थापित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1985 में उक्त स्थान से कार्यालय हटा लिया गया, जिससे उपभोक्ताओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुनः सहायक अभियंता विद्युत् का कार्यालय खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1160. श्री अख्तरुल इस्लाम शाहीन—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के ग्राम मुसारी (पासवान टोला) ग्राम-हरपुर निजामत (पकड़ी) सहित चकमुन्नी (मोहद्दीपुर) वार्ड नं०-5 (राम टोला) सहित दर्जनों स्थान पर 10 के०वी०ए० एवं 25 के०वी०ए० का ट्रांसफॉर्मर जले हुये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर विद्युत् आपूर्ति नहीं होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जले हुये विद्युत् ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर अधिक क्षमता वाला नया विद्युत् ट्रांसफॉर्मर लगाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राशि की वसूली

*1161. श्री [illegible] प्रसाद- हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 3 दिसम्बर, 2015 को प्रकाशित शीर्षक "[illegible]" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि [illegible] जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, [illegible] में [illegible] 165 [illegible] की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि [illegible] प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, [illegible] के अपने [illegible] में लाखों रुपये की राशि बर्बादी का कारण [illegible] प्रभारी, [illegible] एवं [illegible] की लापरवाही बताया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उत्तरदायी कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बर्बाद हुई राशि की ब्याज सहित वसूली करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कॉलेज की स्थापना

*1162. श्री विजय कुमार 'विजय'- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला में सरकारी मेडिकल कॉलेज नहीं है जिससे उक्त क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राएं मेडिकल की शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक मुंगेर जिला में मेडिकल कॉलेज की स्थापना कर पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ग्रामीण विद्युतीकरण कराना

*1163. श्री [illegible] सिंह- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 1 जनवरी, 2014 से भागलपुर जिला के पीरपैंती, कहलगांव, गोराडीह, सबौर एवं जगदीशपुर प्रखण्डों में विद्युत आपूर्ति का कार्य [illegible] कम्पनी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त प्रखण्डों में राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना विद्युत बोर्ड के आदेश के अभाव में स्थगित पड़ा हुआ है;

(3) क्या यह बात सही है कि [illegible] डिस्ट्रीब्यूशन पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड, बिहार, पटना को प्रश्नकर्त्ता द्वारा कई बार मिलकर और अंतिम बार में अपने पत्रांक 608, दिनांक 8 जनवरी, 2016 को ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु आग्रह किया;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त प्रखण्डों में ग्रामीण विद्युतीकरण नहीं करने का औचित्य क्या है ?

बिजली का कनेक्शन

*1164. श्री सैयद अबू दोजाना- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखण्ड अन्तर्गत [illegible] पंचायत के ग्राम [illegible] के 32 परिवारों ने अपने-अपने घरों में बिजली लगाने हेतु कनेक्शन का रसीद दिसम्बर, 2006 में कटवाने के बावजूद भी विभागीय उदासीनता के कारण उनके घरों में आजतक बिजली कनेक्शन नहीं लगाया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त परिवारों को बिजली कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार कराना

*1165. श्री विजय कुमार 'विजय'- क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला मुख्यालय स्थित किला एवं उसके चारों तरफ की खाई पुरातत्व विभाग के अधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त किला के जीर्णोद्धार हेतु वित्तीय वर्ष 2014-15 में 5 करोड़ रुपया की राशि आवंटित हुआ था, परन्तु अबतक किसी तरह का जीर्णोद्धार कार्य नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त किला एवं खाई का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू कराना

*1166. श्री मेवा लाल चौधरी- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखण्ड अन्तर्गत सजुआ पंचायत के सजुआ गाँव स्थित राजकीय नलकूप विद्युत के अभाव में 5 वर्षों से बंद है, जिससे किसानों को सिंचाई कार्य में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो उक्त गाँव के राजकीय नलकूप में विद्युत संबंधन कर सरकार कबतक नलकूप चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*1167. श्री प्रमोद कुमार- क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पीपरा कोठी प्रखंड के चंडिहपुर बेलवतिया गाँव में कबीरपंथी मठ अवस्थित है, जो राज्य का सबसे पुराना एवं बड़ा दूसरा स्थल है, जहाँ प्रत्येक वर्ष भादो [illegible] जी को कबीरपंथी समुदाय का बहुत बड़ा मेला लगता है जिसमें देश-विदेश के पर्यटक हजारों की संख्या में आते हैं, परन्तु वहाँ पर्यटकों हेतु मूलभूत एवं आधारभूत सुविधाओं का अभाव है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर मूलभूत एवं आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराते हुये पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*1168. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला की आबादी 60 लाख है जहाँ मात्र एक जिला अस्पताल है जिसमें हड्डी विभाग के लिये नियमित रूप से पदस्थापित सर्जन नहीं हैं तथा इससे सम्बन्धित सर्जरी के लिये ओ0टी0 भी नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि नियमित रूप से पदस्थापित डॉक्टर नहीं रहने तथा हड्डी विभाग के लिये ओ0टी0 नहीं रहने से मरीजों को परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में हड्डी विभाग के नियमित रूप से डॉक्टर को पदस्थापित करने तथा इससे सम्बन्धित सर्जरी के लिये ओ0टी0 का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत चालू कराना

*1169. श्री राघव शरण पाण्डेय- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में विद्युत बकायेदारों का लाइन काटने का निर्णय वर्ष 2012 में लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) के निर्णय के आलोक में प0 चम्पारण जिला के बगहा (1) के ग्राम बैरागंज, सीमरा, धर्मपुर, [illegible], सहरिया आदि अन्य गाँवों में बकायेदारों का लाइन न काटकर पूरे गाँव का विद्युत विच्छेद माह नवम्बर, 2015 में कर दिया गया है, जिससे भुगतान करने वाले उपभोक्ता भी प्रभावित हुए हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं की लाइन चालू करने का विचार रखती है ?

पटना :
दिनांक 11 मार्च, 2016 (ई0) ।

राजीव कुमार,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0) 181--कोटी0पी0 500